क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

Name Change

I hitherto known as TANNU D/O: UMESH, R/o post-mukhlispur, gram-gourdi, Khalilabad, PO: Khalilabad, DIST: Sant Kabir Nagar, Uttar Pradesh-272175, have changed my name and shall hereafter be known as SWATI YADAV.

I hitherto known as MD ASHIQUL HOSSAIN S/O: SETABUDDIN, R/O-Village Housenagar, Post Tinpakuria, VTC: Jafrabad, PO: Tinpukuria, Sub District: Samserganj, District: Murshidabad, State: West Bengal, Pin Code: 742202, have changed my name and shall hereafter be known as ASHIK HOSSAIN.

I hitherto known as ANESH RAM S/O RAMESHWAR BHUIYAN, R/O-vill-hapwa po-selhara kala thana-chauparan, Hapwa, DIST: Hazaribagh, Jharkhand-825406, have changed my name and shall hereafter be known as KISHAN KUMAR.

I hitherto known as KRITIKA W/O: HIMANSHU KASHYAP, R/O- 13B, Sunder Nagar, Near DRM Office, Machhonda (105), Ambala, Kuldeep Nagar, Haryana, 133004, have changed my name and shall hereafter be known as KRITIKA KASHYAP.

I hitherto known as HIMANSHU S/O: SANJAY, R/O-Matanhail, PO: Matanhail, DIST: Jhajjar, Haryana -124106, have changed my name and shall hereafter be known as HIMANSHU SUHAG.

I hitherto known as RAMIN GIRI W/O: KAMLESH GOSWAMI, R/O- ward no 01, nayapara, Tekari-2 (tekari), PO: Girod, DIST: Raipur, Chhattisgarh-493111, have changed my name and shall hereafter be known as RANI GOSWAMI.

I hitherto known as VIKRAM SINGH S/O: JITENDRA SINGH, R/O-159, Goram, Bhind, Sadha, PO: sada, DIST: bhind, Madhya Pradesh-477227, have changed my name and shall hereafter be known as BHI KAM SINGH.

I hitherto known as KRISHN KUMAR DHANKAR S/O: RISHI PAL SINGH, R/O- 76, Veernagar, Bergaon, Hathras, Uttar Pradesh- 204101, have changed my name and shall hereafter be known as KRISHNA BAGHEL.

I hitherto known as SAKINA D/O: MOHD ARIF, R/O-house no 65, gram rajheda, Hapur, Hapur, Uttar Pradesh - 245101, have changed my name and shall hereafter be known as SHAHANA.

I hitherto known as MADHURI W/O: SUNDAR LAL, R/O-Asani, Mohanganj, Haswa, Tiloi, Rae Bareli, DIST: Rae Bareli, Uttar Pradesh - 229001, have changed my name and shall hereafter be known as JAGVANTA.

I hitherto known as SANJAY KUMAR S/O: JAYDEV SINGH, R/O- maujepur haviliya, Maujepur, Mainpuri, Uttar Pradesh- 205262, have changed my name and shall hereafter be known as ASHOK KUMAR.

Name Change

I hitherto known as VEERENDRA S/O: CHOB SINGH, R/O-jatoi, -, Garh Umrao, Hathras, Garhumrao, Uttar Pradesh, 281302, have changed my name and shall hereafter be known as BIRENDRA SINGH.

I hitherto known as KASIS D/O: OM PRAKASH, R/o Bithaura, PO: Bhainsuriya, DIST: Bara Banki, Uttar Pradesh-225205, have changed my name and shall hereafter be known as ANUSHKA TIWARI.

I hitherto known as ARHUL DEVI W/O: SIYASHARAN MAHARAJ, R/O-Ward 04. Gram Sangi post Sangi, Sangi, PO: Sangi, DIST: Madhubani, Bihar -847402, have changed my name and shall hereafter be known as CHANDRIKA DEVI.

I hitherto known as SUDHISH KUMAR S/O: BUDHDU SINGH, R/O- Hajipur, Souj, Sauj. PO: Sauj, DIST: Mainpuri, Uttar Pradesh-205268, have changed my name and shall hereafter be known as SUDHIR KUMAR.

I, SHASHANK SRIVASTAVA S/O: MUKESH KUMAR SRIVASTAVA, R/O- 26/366, preeti nagar, near ekta school, sitapur road, Lucknow, Lucknow, Uttar Pradesh - 226021, have changed the name of my minor son PRISH SRIVASTAVA aged 11 years and he shall hereafter be known as PRANAV SRIVASTAVA.

I hitherto known as RAMBABU S/O: MIHI LAL, R/O- 159, Gadhiya Harsu Nagla, PO: Milak, DIST: Rampur, Uttar Pradesh -243701, have changed my name and shall hereafter be known as RAM BABU.

I, DINESH KUMAR S/O: MOHAN LAL R/O-Surjanpur, sultanganj, surjanpur, mainpuri, uttar pradesh-205267, have changed the name of my minor daughter VAISHNVI aged 11 years and she shall hereafter be known as PRACHI.

I hitherto known as MURTUZA HUSAIN S/o-RAZI ABBAS, R/o- Bhanauli, PO- Musafirkhana, Dist-Amethi, Uttar Pradesh- 227813, have changed my name and shall hereafter be known as MURTZA HUSAIN.

I hitherto known as ISHART CHAUDHARY W/o: SAMEER CHAUDHARY, R/O- Makan no 343, Gali no 8, Lakkhipura Road, Mevghadi Majeed Nagar, meerut City, PO: meerut City, DIST: Meerut, Uttar Pradesh - 250002, have changed my name and shall hereafter be known as ISHA CHAUDHARY.

I, DEEPAK KUMAR AGRAWAL S/O: VISHV NATH PRASAD AGRAWAL, R/O- Railway Station Road, Post Purani Basti, Akpangi, PO: Purani Basti, DIST: Basti, Uttar Pradesh - 272002, have changed the name of my minor son SHUVH AGRAVAL aged 13 years and he shall hereafter be known as SHUBH AGRAWAL.

Name Change

It is for general information that I, GYANENDRA KUMAR S/O: MANGAL PRASAD, R/O- Bichpari, Ashakheda, Ashakhera, Unnao, Uttar Pradesh - 209859, declare that name of mine has been wrongly written as GYANANDRA KUMAR in my class 12th educational document. The actual name of mine is GYANENDRA KUMAR which may be amended accordingly.

I hitherto known as RAMAWATI DEVI W/O: KRISHNA CHANDRA SINGH, R/o nayab purwa, Pasaka, Paska, Gonda, Colonelganj, Uttar Pradesh, 271504, have changed my name and shall hereafter be known as RAMAWATI.

I hitherto known as BHOOLA W/O: TEJI, R/o loadkherva, Sarosa, PO: Sarosa, DIST: Sitapur, Uttar Pradesh - 261403, have changed my name and shall hereafter be known as MAJHILO.

I hitherto known as KRISHNA MANNA W/O-SRIBAS MISTRY R/O- 2 18, Chakkamina, Tamluk (m), PO: Tamluk, DIST: Purba Medinipur, West Bengal-721636, have changed my name and shall hereafter be known as KRISHNA MISTRY.

I hitherto known as SK SAHIUDDIN ALI S/O-SK RASIDUL ISLAM, R/O-Anantapur PO chanserpur, Anantapur, PO: chanserpur, DISt: purb Medinipur, west bengal- 721653, have changed my name and shall hereafter be known as SK SAKERUL ISLAM.

I hitherto known as MUNNA SHAH S/O: ABDUL HAQUE SHAH, R/O-tiyay, andar, Tiae, Siwan, Tiyan, Bihar, 841231, have changed my name and shall hereafter be known as NOOR MOHAMMD. I have changed my name only not my religion.

I hitherto known as SITARAM PRASAD R MAHATO C/O: ROHIT KUMAR, R/O- Gaon-kajur, Dakghar-kajur Thana-Atri, Kajur, PO: Kajoor, DIST: Gaya, Bihar- 805131, have changed my name and shall hereafter be known as GOPAL PRASAD.

I hitherto known as PRIYANKA DEVI W/O: SATYENDRA PRASAD, R/O-Bakharaur naya Tola, Bishunpura, PO: Bishunpura, DIST: Gopalganj, Bihar-841401, have changed my name and shall hereafter be known as PRIYANKA KUMARI.

I hitherto known as SHRISHTI KUMARI D/O: RAJESH SAW, R/O-vill singarpur, po ps khaira, Singarpur, PO: Khaira, DIST: Jamui, Bihar - 811317, have changed my name and shall hereafter be known as SRISTAY KUMARI.

सुबह चार बजे तक झूमे श्रद्धालु

फुलवारीशरीफ। बेऊर के महावीर नगर स्थित महावीर मंदिर में दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मंदिर में पिछले 18 वर्षों



से विजय दशमी के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रणवीर नंदन, पूर्व सांसद अरुण कुमार, मंदिर के अध्यक्ष डॉ. धनंजय कुमार और सचिव बालेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बिहार के जाने-माने कलाकार सत्येंद्र संगीत, मोनू अलबेला, नेहा सिंह, निष्ठा, अपूर्व प्रियदर्शिनी और पूजा पांडे ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. कलाकारों की प्रस्तुति पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे. बिहार के चर्चित उद्घोषक पप्पू गुंजन ने अपनी शानदार एंकरिंग से बीच-बीच में लोगों का मनोरंजन किया। मंदिर के सचिव बालेंद्र शर्मा ने बताया कि विजय दशमी के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की परंपरा पिछले 18 वर्षों से चली आ रही है. इसका उद्देश्य धार्मिक आयोजन के साथ लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम से जोड़ना है।

कार्यक्रम में मंदिर के अध्यक्ष डॉ. धनंजय कुमार, सचिव बालेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष अलख ठाकुर, रामेंद्र सिन्हा, विजय शंकर विद्यार्थी, सहायक सचिव मानेश्वर मिश्रा, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, आजीवन सदस्य अजीत चौधरी, नागेंद्र मिश्रा, दिनेश सिंह, संतोष कुमार, योगेंद्र कुमार, अवधेश शर्मा, शशि रंजन कुमार, श्रीकांत सिंह और ओम प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. श्रद्धालुओं ने सुबह करीब चार बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

पटना में ब्लिंकिट वेयरहाउस पर बड़ी कारवाई

(निज प्रतिनिधि)

पटना। पटना में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी लगातार जारी है। इसी क्रम में पटना के ब्लिंकिट वेयरहाउस में खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.13 करोड़ से अधिक की खाद्य सामग्रियों की बिक्री पर रोक लगा दी है। ब्लिंकिट एवं 9 टू 9 सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जहां से एक्सपायरी एवं क्षतिग्रस्त खाद्य पदार्थों को नष्ट किया गया। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान जारी है। अनियमितताएं मिलने पर खाद्य प्रतिष्ठानों को 14 दिनों का सुधार नोटिस जारी किया गया है। आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर खाद्य संरक्षा विभाग की टीम द्वारा पटना के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, ब्लिंकिट एवं 9 टू 9 स्टोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के भंडारण, साफ-सफाई, स्वच्छता मानकों और एक्सपायरी उत्पादों की जांच की गई। निरीक्षण में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किए गए। साथ ही, क्षतिग्रस्त एवं एक्सपायरी खाद्य पदार्थों को नष्ट

2.13 करोड़ की खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोक, 9 टू 9 समेत कई स्टोर को भी नोटिस

कराया गया।ब्लिंकिट वेयर हाउस, नसीरपुर, ताजपुर, बायपास रोड, पटना के निरीक्षण के दौरान होल फॉर्म ब्रांड नाम का 276 प्रकार के खाद्य सामग्रियों का 25 टन के वितरण पर रोक लगाई गई। बेसिक ब्रांड नाम के 3102 किलो ग्रामविभिन्न प्रकार के दाल एवं 190 किलो नट के विक्री पर रोक लगाई गई। जिसका मूल्य लगभग 21399535 रूपये है।9 टू 9, एस.के. नगर, पटना स्थित प्रतिष्ठान में निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त एवं एक्सपायरी खाद्य पदार्थ एक स्थान पर भंडारित पाए गए। खाद्य सुरक्षा टीम ने प्रतिष्ठान संचालक की उपस्थिति में इन खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया, ताकि इनकी दोबारा बिक्री न हो सके। नष्ट कराए गए खाद्य पदार्थों में 12 किलोग्राम सत्तू, 24 किलोग्राम सूजी, 12 किलोग्राम बेसन, 49 किलोग्राम आटा, 49 किलोग्राम मैदा और 6 किलोग्राम मसाला शामिल हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत 14,740 रुपये है।खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोनों प्रतिष्ठानों को कमियों में सुधार के लिए 14 दिनों का इंप्रभमेंट नोटिस दिया गया है। निर्धारित अवधि में सुधारात्मक कार्रवाई पूरी कर उसका प्रमाण संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय में कमियों का निराकरण नहीं करने की स्थिति में अनुज्ञप्ति निलंबित करने तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है।विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एनएफआर ने पांच ट्रेनों में तकनीक आधारित ऑन-बोर्ड सेवाएं शुरू की

पटना (आससे)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने पांच चयनित सुपर फास्ट ट्रेनों में बेहतर ऑन बोर्ड सेवाएं शुरू की है। यह पहल करने वाला यह भारतीय रेलवे का द्वितीय जोनल रेलवे बन गया है। यह सेवा कामाख्या-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या १२५५२-१२५५१), गुवाहाटी-कोलकाता गरीबरथ एक्सप्रेस (ट्रेन) संख्या-१२५१८/ १२५१७, डिब्रूगढ़-मुम्बई एलटीटी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या १५९४६/१५९४५), न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या २२२३३/२२२३४) और न्यू जलपाईगुड़ी वंदे एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या २२२२७/२२२२८) में शुरू की गयी है।

गत १४ अक्टूबर को वरिष्ठ रेल अधिकारियों की मौजूदगी में, न्यू जलपाईगुड़ी से चलनेवाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में बेहतर सेवाएं शुरू की गयीं। उसी दिन, कामाख्या-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस में भी उसके प्रारंभिक रेलवे स्टेशन कामख्या से ये सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं। गुवाहाटी-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-मुंबई एलटीटीएक्सप्रेस में क्रमश: १० और ११ अक्टूबर से ही बेहतर ऑन बोर्ड सेवाएं शुरू हो चुकी है। बेहतर की गयी ऑन बोर्ड सेवाओं का उद्देश्य साफ-सफाई, स्वच्छता और यात्रियों के आराम को बढ़ाना है। इसके तहत सामान्य कोच और एसी कोच के खिड़कियों की नियमित सफाई, वॉशरूम और बेहतर रख-रखाव, कुशल कचरा प्रबंधन और समय पर लिनेन वितरण तथा इकट्ठा करने का कार्य सुनिश्चित होगा। समर्पित टीमें बुनियादी तकनीकी सहायता प्रदान करेगी, पानी की उपलब्धता पर नजर रखेंगी और यात्रियों की शिकायतों का दो घंटे के भीतर समाधान करेंगी। यदि कोई समस्या हल नहीं हो पाती है, तो उसे संबंधित रेल अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। इस पहल में जवाबदेही और सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए डिजिटल निगरानी, जियो-टैग्ड सेवा की जांच, स्टाफ की ट्रैकिंग और एक केन्द्रीकृत निगरानी प्रणाली शामिल है।

संक्षिप्त समाचार

नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में किया मजेदार खुलासा

पटना (निप्र। सैफ अली खान और करीना कपूर खान इस शनिवार नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में दर्शकों को खूब हंसाते नजर आएंगे। हमेशा जवान दिखने का राज क्या है ? अच्छे जींस, त्वचा की सही देखभाल या फिर सैफ अली खान के मजेदार अंदाज में कहें तो, खूब सारा घी खाना इस शनिवार, 17 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में मशहूर जोड़ी सैफ अली खान और करीना कपूर खान नजर आएंगे। शो में दोनों की बातचीत के दौरान एक मजेदार बात सामने आती है। उनकी बातचीत से पता चलेगा कि जवान दिखने का राज शायद रसोई में ही छिपा है।जब कपिल शर्मा ने सैफ और करीना से पूछा कि शादी के 14 साल बाद भी वे इतने जवान और तरोताजा कैसे दिखते हैं ? इस पर सैफ अली खान ने तुरंत घी का जिक्र किया। वहीं, करीना कपूर खान ने भी बताया कि उनके घर में घी का खूब इस्तेमाल होता है।लेकिन घी को लेकर यह मजेदार खुलासा यहीं नहीं रुका। बातचीत को आगे बढ़ाते हुए सैफ ने कहा, करीना सिर्फ घी खाती ही नहीं है, बल्कि रात को पैरों पर भी घी लगाती है। सैफ ने बताया कि उनके बेडरूम से ढाबे जैसी खुशबू आती है और उन्हें यह बात रोमांटिक लगती है। इस पर करीना हंसते हुए बोलीं, उससे फिर कितनी अच्छी नींद आती है, बाप रे!

हिंदुस्तान जिंक ने दूसरी तिमाही में 142 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

पटना (आससे)। विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष १० चांदी उत्पादकों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष २७ की दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। कंपनी ने १५, ०९३ करोड़ की अब तक का सर्वाधिक तिमाही परिचालन राजस्व दर्ज किया, जो सालाना आधार पर ७७ प्रतिशत अधिक है। ९, २८५ करोड़ का अब तक का सर्वाधिक तिमाही ईबीआईटीडीए, जो सालाना आधार पर १०८ प्रतिशत अधिक है और ११, ८८१ करोड़ का रिकॉर्ड तिमाही शुद्ध लाभ, जो सालाना आधार पर १४२ प्रतिशत अधिक है। इस प्रदर्शन का आधार रहा २७१ किलो टन का अब तक का सर्वाधिक दूसरी तिमाही खनित धातु उत्पादन, २६४ किलो टन का रिकॉर्ड दूसरी तिमाही परिष्कृत धातु उत्पादन और रॉयल्टी को छोड़कर ७०३ अमेरिकी डॉलर प्रति टन की कम तिमाही जिंक उत्पादन लागत। दूसरी तिमाही में चांदी का उत्पादन १७३ टन रहा, जो सालाना आधार पर २० प्रतिशत अधिक है और इसने लाभप्रदता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ३० सितंबर, २०२६ को समाप्त छमाही में हिंदुस्तान जिंक ने १७, ३५९ करोड़ का अब तक का सर्वाधिक ईबीआईटीडीए दर्ज किया, जो सालाना आधार पर १०८ प्रतिशत अधिक है।

आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज ने ब्याज दर में छूट की घोषणा की

पटना। आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने पात्र मौजूदा ऋणधारकों के लिए नए ऋण पर 1.25 प्रतिशत तक ब्याज दर में छूट देने की घोषणा की है। यह विशेष योजना 2 अक्टूबर 2026 से लागू है। इसका उद्देश्य त्योहारी मौसम में सूक्ष्म उद्यमियों को कारोबार बढ़ाने और बढ़ती मांग पूरी करने के लिए अतिरिक्त पूंजी उपलब्ध कराने में सहायता करना है। प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एन नांबियार ने कहा कि कंपनी सरकारी ऋण गारंटी योजना का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाकर उन्हें कारोबार विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है।

अमेजन इन्फ्लुएंसर कार्यक्रम से जुड़े दो लाख से अधिक रचनाकार

पटना।अमेजन ने घोषणा की है कि उसके इन्फ्लुएंसर कार्यक्रम से दो लाख से अधिक रचनाकार जुड़ चुके हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी है। इस कार्यक्रम के तहत रचनाकार यूट्यूब और पिंटरेस्ट पर अमेजन के उत्पादों को साझा कर सकते हैं और योग्य खरीदारी पर कमीशन कमा सकते हैं। अमेजन की निधि ठक्कर ने कहा कि कंपनी रचनाकारों को अपने शौक को व्यवसाय में बदलने और ग्राहकों को बेहतर खरीदारी निर्णय लेने में मदद कर रही है।

चुंबक की टीम ने रोहित शर्मा के शो को बताया मनोरंजन का नया अंदाज

पटना (आससे) 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' दर्शकों के लिए खेल और खुली बातचीत के साथ पारिवारिक मनोरंजन का नया अंदाज लेकर आया है। शो में चुंबक की कलाकार टीम अर्जुन बिजलानी, नीना गुप्ता, जमनादास माजेठिया, आतिश कपाड़िया, देवेन भोजानी, अनंत जोशी, डेलनाज ईरानी और हेली शाह शामिल हुए। कलाकारों ने रोहित शर्मा के साथ बनी आपसी नजदीकी और क्रिकेटर को पहली बार मेजबान की भूमिका में देखने के अनुभव साझा किए।

रोहित शर्मा ने विश्व कप ट्रॉफी के साथ यादगार वॉक की कहानी बतायी

पटना। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' शो में विश्व कप ट्रॉफी उठाते समय अपने चर्चित अंदाज के पीछे की कहानी साझा की। जमनादास माजेठिया और चुंबक की कलाकार टीम के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि कुलदीप यादव और ऋषभ पंत सहित टीम के कुछ साथियों ने उन्हें सामान्य तरीके से चलने के बजाय कुछ दिलचस्प करने का सुझाव दिया था। रोहित ने बताया कि ट्रॉफी की ओर बढ़ते समय यह खास अंदाज अपने आप बन गया।

तीन एसपी और 54 डीएसपी का तबादला

सरकार के गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना, अपराजित को पटना में पुलिस अधीक्षक विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी, आलोक रंजन को भागलपुर का बनाया गया पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार में बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला किया गया है। सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा और बिहार पुलिस सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। जिसके तहत तीन पुलिस अधीक्षकों और 54 डीएसपी स्तर के अधिकारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग किया गया है। तबादले के तहत अपराजित को पटना में पुलिस अधीक्षक, विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है तो वहीं मुकुल कुमार रंजन को समस्तीपुर का पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण बनाया गया है. इसके अलावा आलोक रंजन को भागलपुर का पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण बनाया गया है।

बिहार में पुलिस अधिकारियों के तबादले के साथ कई अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं तो वही कुल 54 डीएसपी स्तर के अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग की गयी है। इस संबंध मे गृह विभाग के आरक्षी शाखा नेक तबादले की अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार अपराजीत पुलिस अधीक्षक (विधि-व्यवस्था) पटना,मुकुल कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण समस्तीपुर, आलोक रंजन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, भागलपुर, रश्मिअपर पुलिस अधीक्षक रेल पटना,अजय प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,रौशन कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक साईबर क्राईम औरंगाबाद, अंकुर कुमार पुलिस उपाधीक्षक रेल पटना,कंचन राज पुलिस उपाधीक्षक विशेष अपराध, अरूण कुमार पुलिस उपाधीक्षकमद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पटना, शालीग्राम कुमार पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना,संजय कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिविसपु-6 मुजफ्फरपुर,भवेश कुमार मंडल पुलिस उपाधीक्षक आर्थिक अपराध इकाई बिहार पटना,जितेन्द्र कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस अकादमी राजगीर,विजय कुमारपुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस अकादमी राजगीर,संतोष कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिविसपु-16पटना,वैजनाथ कुमार पुलिस उपाधीक्षक बिविसपु-12 भीमनगर सुपौल,विश्वरंजन सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस मुख्यालय पटना,शशि भूषण चौधरी पुलिस उपाधीक्षक मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पटना,जयकान्त साव पुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस मुख्यालय पटना,धनंजय कुमार पुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस मुख्यालय पटना,विमल कुमार पुलिस उपाधीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-14, पटना,उमाशंकर राय पुलिस उपाधीक्षक, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-7 कटिहार,अरविन्द कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, रेलवे विशेष अपराध अपराध अनुसंधान विभाग पटना,अजय कुमार पुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस मुख्यालय पटना,अजीत कुमार पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा पटना,मुकेश चन्द्र कुमर पुलिस उपाधीक्षक बिविसपु-1,पटना,मोहन कुमार पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना,रविन्द्र कुमार पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा पटना,विश्वनाथ भगत पुलिस उपाधीक्षक विशेष अपराध अपराध अनुसंधान विभाग पटना,संजय कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा पटना,अभय कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिविसपु-17बोधगया,राम शंकर सिंह पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,दिलीप कुमार-2 पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा पटना,राम विलास सिंह पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना,संगीता कुशवाहा पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा पटना,किशोरी सहचरी पुलिस उपाधीक्षक, मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पटना,सचिन्द्र यादव पुलिस उपाधीक्षक ईआरएसएस पटना,सतीश कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,जितेन्द्र कुमार-1 पुलिस उपाधीक्षक, ईआरएसएस पटना,बीरेन्द्र प्रसाद यादव पुलिस उपाधीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-12भीमनगर सुपौल,वेदनाथ पाठक वैदिक पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,कमल किशोर सिंह पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना,ओम प्रकाश पुलिस उपाधीक्षक केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) पटना,सीमा कुमारी पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,धर्मेन्द्र कुमार पुलिस उपाधीक्षक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर,दिलीप कुमार पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,राजेश्वर प्रसाद-2पुलिस उपाधीक्षक बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग पटना,विजय कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिविसपु-6 मुजफ्फरपुर सौम्य प्रियदर्शी पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना,अबरार अहमद खाँ पुलिस उपाधीक्षक मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पटना,सुभाष वैद्यनाथन पुलिस उपाधीक्षक सिपाही प्रशिक्षण विद्यालय नाथनगर,राकेश रंजन सिंह पुलिस उपाधीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-7 कटिहार,संजय कुमार पुलिस उपाधीक्षक आर्थिक अपराध इकाई पटना,कुमारी वन्दना पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना,अजय कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना,निशिकान्त निशि पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मधुबनी,अनिल कुमार सिन्हा पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध) अपराध अनुसंधान विभाग पटना मे पदस्थापित किया गया है।

'मैं जहां रहूं' सुनकर पिता की याद में भावुक हुए हिमेश रेशमिया

पटना। 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' के प्रीमियर एपिसोड में सलमान अली और मोहम्मद दानिश की 'मैं जहां रहूं' गाने की भावुक प्रस्तुति सुनकर जज हिमेश रेशमिया अपने दिवंगत पिता को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि यह गीत उनके पिता का भी पसंदीदा था, जिससे उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं। हिमेश ने कहा कि उनके पिता हमेशा उनके साथ हैं और उन्हें उनकी बहुत याद आती है।

अभिजीत सावंत ने 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में की वापसी

पटना। गायक और इंडियन आइडल के विजेता अभिजीत सावंत ने संगीत कार्यक्रम 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में अपने पुराने मंच पर शानदार वापसी की। इस दौरान उनके साथी प्रतियोगी अमित साना और निर्णायक हिमेश रेशमिया ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए भावुक अनुभव है, क्योंकि यहीं से उनकी जिंदगी बदली थी। उन्होंने दर्शकों के प्यार को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया।

26 को खुलेगा ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स का आईपीओ

नई दिल्ली,एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेस की सहयोगी कंपनी ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड ने 1,200 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए प्रति शेयर 1,585 से 1,665 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। कंपनी का आईपीओ 26 अक्टूबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 28 अक्टूबर को बंद होगा। बुधवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया 23 अक्टूबर को होगी। प्रमोटर कंपनी एडलवाइस सिक्योरिटीज एंड इन्वेस्टमेंट्स इस आईपीओ में ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत अपनी हिस्सेदारी बेच रही है। ऑफर से जुड़े खर्चों को घटाने के बाद मिलने वाली राशि इसी शेयरधारक को जाएगी। कंपनी को इस आईपीओ से कोई राशि नहीं मिलेगी। ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली एडलवाइस ग्रुप की तीसरी कंपनी होगी। वर्ष 2008 में स्थापित ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स भारत के प्रमुख अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म में शामिल है। कंपनी को दीर्घकालिक निवेश के प्रबंधन का 17 साल से ज्यादा का अनुभव है। कंपनी कई तरह के निवेश विकल्पों पर काम करती है। इसका मुख्य फोकस ग्राहकों को नियमित कमाई और निवेश पर बेहतर रिटर्न देने वाले विकल्प उपलब्ध कराने पर है। कंपनी ऊर्जा और परिवहन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल प्रॉपर्टी और प्राइवेट क्रेडिट जैसे क्षेत्रों में निवेश करती है। प्राइवेट क्रेडिट के माध्यम से कंपनियों और अन्य जरूरतमंदों को अलग-अलग जरूरतों के लिए फंडिंग उपलब्ध कराई जाती है। कंपनी के कार्यालय मुंबई, नई दिल्ली, गिफ्ट सिटी और सिंगापुर में हैं।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

मेष- आज दिन 3/04 बजे तक अनुकूलता तदनन्तर आत्मबल में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात।
वृषभ- आर्थिक सफलता, आरोग्य सुख, मानसिक राहत, मन प्रसन्न, परिवार में हर्षोल्लास।
मिथुन- अभिलाषा पूर्ति, मित्रों से विचार-विमर्श, व्यापारिक प्रगति, धन संचय, लाभ भी।
कर्क- आज दिन 3/04 बजे तक लाभ में कमी, तत्पश्चात् शत्रु परास्त, मित्रों से विचार-विमर्श।
सिंह- आज दिन 3/04 तक धन लाभ, दाम्पत्य सुख, तदुपरान्त समय संतोषजनक, आपसी मतभेद।
कन्या- व्यापार में नवपरिवर्तन, हर्षोल्लास, भौतिक सुख, सम्मान का लाभ, नवसम्पर्क, धनागम।
तुला- योजना फलीभूत, मानसिक राहत, राजनैतिक लाभ, व्यापारिक रुझान, दाम्पत्य सुख।
वृश्चिक- आज दिन 3/04 बजे तक मानसिक बेचैनी, तदनन्तर आत्मिक शांति, चित्त प्रफुल्लित।
धनु- आज दिन 3/04 बजे तक मन प्रसन्न, तत्पश्चात् आर्थिक हानि, व्यय की अधिकता, धनहानि।
मकर- कार्य प्रगति पर, लाभ, प्रियजनों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, आय के नवीन स्रोत।
कुम्भ- सफलता, कर्ज की अदायगी, आकस्मिक लाभ, शिक्षा में प्रगति, मानसिक शांति।
मीन- आज दिन 3/04 बजे तक अशांति तदुपरान्त श्रेष्ठजनों से संपर्क, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

आज है जिनका जन्मदिन 23 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 23 का मूलांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यक्तित्व आकर्षक होगा। आपके विचारों में अस्थिरता का समावेश रहेगा। जीवन परिवर्तन होगा। खाली हाथ बैठना पसन्द नहीं करेंगे। किसी के दबाव में रहकर कार्य नहीं करेंगे। किसी कार्य या वस्तु के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के पश्चात ही हाथ डालेंगे।यथार्थ और व्यवहारिकता को अधिक महत्व देंगे। सदैव जोखिम उठाने के लिए तैयार रहेंगे। आपकी तर्क शक्ति तीव्र होगी। अतीन्द्रिय ज्ञान की में अद्भुत क्षमता रहेगी। मनोविनोद की ओर रूझान अधिक रहेगा। आपके जीवन में साथ सुख-दुःख लाभ-हानि जुड़े रहेंगे। आपके आय के स्रोत एक से अधिक रहेंगे। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंगों की वस्तुओं का दान भी करें। गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें। समाज सेवा निस्वार्थ करें। शुद्ध शाकाहारी जीवन अपनाएँ। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ बुं बुधाय नमः
व्रत : बुधवार
दिन : रविवार, गुरुवार एवं शनिवार
दिनांक : 5, 14, 23
अंक : 4, 6, 8
मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
वर्ष : 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
रंग : सफेद एवं हरा
जन्मरत्न : पन्ना उपरत्न : एक्वामैरीन
जड़ी : विधारा की जड़ दिशा : उत्तर

यन्त्र

9	4	11
10	8	6
5	12	7

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, 21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

सुडोकू ४०९२

						5		
								3
9			6	4				
		8		7				
		3						2
				6			4	
6	7						9	
					5	8		
4								

तरीका खेलने का : [illegible]

4	6	1	3	2	7	8	5	9
8	5	9	6	1	4	7	3	2
2	3	7	8	9	5	1	4	6
7	9	4	2	5	1	3	6	8
6	2	8	9	4	3	5	1	7
5	1	3	7	6	8	9	2	4
9	4	5	1	7	6	2	8	3
1	8	2	4	3	9	6	7	5
3	7	6	5	8	2	4	9	1

हल ४०९१ सुडोकू